राजभाषा समिति द्वारा बोकारो इस्पात कारखाने का निरीक्षण

559. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संसदीय राजभाषा समिति ने बोकारो इस्पात कारखाने का निरीक्षण किया था और उसने वहां हिन्दी के प्रयोग से संबंधित कार्य में प्रगति को असंतोषजनक पाया था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि कारखाने के हिन्दी अधिकारी ने संसदीय समिति के बारे में कुछ अपमानजनक टिप्पणियां की थीं तथा इस्पात और खान मंत्री को उन टिप्पणियों के बारे में अवगत करा दिया गया था लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है ; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) कुछ स्थानीय समाचार पत्रों में छपे समाचारों में इस बात का उल्लेख किया गया था कि बोकारो इस्पात संयंत्र के तत्कालीन मुख्य जन-सम्पर्क पदाधिकारी एवं हिन्दी के प्रभारी अधिकारी ने संसदीय राजभाषा समिति के विरुद्ध कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणियां की थी । माननीय सदस्य (जो संसदीय राजभाषा समिति के भी सदस्य हैं) ने 28-2-86 के अपने पत्र के द्वारा इस्पात और खान मंत्री का ध्यान इन टिप्पणियों की ओर दिलाया था । इस बारे में विस्तृत जांच करने के लिए तत्काल आदेश दे दिये गए थे । संयंत्र के अधिकारियों द्वारा की गई जांच-पड़ताल के अलावा, इस्पात विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को भी मौके पर जांच पड़ताल करने के लिए भेजा गया था । परन्तु सम्बन्धित अधिकारी, जो सेवा-निवृत्त हो चुके हैं, के विरुद्ध लगाये गये आरोप सिद्ध नहीं हो सके । इस अधिकारी ने लिखित रूप में भी दिया है कि उसने संसदीय राजभाषा समिति के विरुद्ध कुछ नहीं कहा है और इस सम्बन्ध में उसके बारे में जो कुछ भी छापा गया है उसका कारण यह है कि इन समाचार-पत्रों के कुछ संवाददाता उसके प्रति गलत धारणा और द्वेष रखते हैं ।

यह भी सच है कि संसदीय राजभाषा समिति ने इस्पात और खान मंत्री को सम्पूर्ण घटना का जानकारी दे दी थी । इस मामले में संयंत्र के प्रबन्ध-निदेशक को उपयुक्त ढंग से समझा दिया गया है । संसदीय राजभाषा समिति द्वारा मांगी गयी पूरी जानकारी उन्हें भेज दी गयी है ।

Telecasting of Haj Programme from Saudi Arabia

560. DR. MOHD. HASHIM KIDWAI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state whether there is any proposal under Government's consideration to telecast the forthcoming Haj Programme directly from Saudi Arabia in August, 19<8fi?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI V. N. GADGIL): At present, there is no proposal under Government's consideration to telecast the forthcoming Haj programme directly from Saudi Arabia. However, depending upon the availability of satellite feed from Saudi Arabian TV, efforts wiH be made to record the satellite feed and telecast the same, as in the past.

Establishment of Urd$_u$ News Agency

561. DR. MOHD. HASHIM KIDWAI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration for establishing any Urdu New$_s$ Agency in the country; and